Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide houses to people belonging to SC/ST, backward classes and economically weaker sections in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महाराष्ट्र राज्य के अति पिछड़े आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमूर में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं गरीब लोगों की काफी संख्या है । इन लोगों के पास रहने के लिए अपने मकान नहीं है । अतः इन आवास विहीन परिवारों के लिए आवासों की संख्या बढ़ाए जाने तथा नैसर्गिक आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त घरों के निर्माण के लिए विशेष प्रावधान संबंधी बी0पी0एल0 की शर्त को शिथिल किए जाने की आवश्यकता है ।

इस संबंध में, मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह महाराष्ट्र राज्य के अविकसित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र गड़चिरोली में उक्त वर्ग के आवास विहीन लोगों के लिए आवासों की संख्या बढ़ाए जाने के साथ-साथ नैसर्गिक आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त घरों के निर्माण हेतु विशेष प्रावधान संबंधी बी0पी0एल0 की शर्त को शिथिल किए जाने हेतु आवश्यक पहल करें ।

सादर ।